आईआईएम रांची में वर्ष 2022-24 एमबीए छात्रों के लिए अंतिम प्लेसमेंट की और वर्ष 2023-25 के ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट सीज़न के उपलब्धि

आईआईएम रांची : समर इंटर्नशिप में हाइएस्ट स्टाइपेंड 3 लाख रुपए मिले

रांची| आईआईएम रांची के 2023-25 बैच के छात्र-छात्राओं का चयन समर इंटर्नशिप के लिए विभिन्न कंपनियों में हुआ। समर प्लेसमेंट में 150 से ज्यादा कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का चयन किया। इसमें एमबीए, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट व एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम के स्टूडेंट्स शामिल हुए। एमबीए के लिए 85 कंपनियां, एमबीए एचआरएम के लिए 29 व एमबीए बीए के लिए 38 कंपनियां पहुंचीं। स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड भी प्राप्त हुआ है, जिसमें एमबीए के 244 स्टूडेंट्स, एमबीए बीए के 56 स्टूडेंट्स, एमबीए एचआर के 73 स्टूडेंट्स शामिल रहे। एमबीए में दो माह के समर इंटर्नशिप के लिए हाइएस्ट स्टाइपेंड तीन लाख रुपए प्राप्त हुआ है। वहीं एवरेज स्टाइपेंड 1.25 लाख रुपए मिला है। एमबीए एचआरएम में हाइएसट स्टाइपेंड तीन लाख व एवरेज स्टाइपेंड 1.48 लाख रुपए प्राप्त हुआ है। वहीं एमबीए बीए में हाइएस्ट स्टाइपेंड तीन लाख व एवरेज स्टाइपेंड 1.38 लाख रुपए प्राप्त हुआ है।

Dainik Bhaska_10.04.2024_Pg. 04

आईआईएम रांची: एमबीए में हाईएस्ट पैकेज 37.8 लाख रुपए प्राप्त हुआ

सिटी रिपोर्टर | रांची

आईआईएम रांची में सत्र 2022-24 का फाइनल प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें एमबीएं, एमबीए एचआर व एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के स्टूडेंट्स विभिन्न कंपनियों में चयनित हुए हैं। एमबीए प्रोग्राम के लिए 76 कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए शामिल हुईं। इसमें हाईएस्ट पैकेज 37.8 लाख रुपए सलाना व एवरेज पैकेज 18.69 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है। वहीं एमबीए एचआरएम में 33 कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया। जिसमें हाईएस्ट पैकेज 33.9 लाख रुपए सलाना व एवरेज पैकेज 18.36 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है। एमबीए बीए में 28 कंपनियां प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुई। इसमें हाईएस्ट पैकेज 34.9 लाख रुपए सलाना व एवरेज पैकेज 19.12 लाख रुपए सलाना प्राप्त हुआ है।

Dainik Bhaskar, 05.04.2024, P.5

एमबीए में 18.69 लाख का औसत पैकेज छात्रों को मिला

आईआईएम रांची

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची ने 2022-24 की कक्षा के लिए अंतिम प्लेसमेंट और 2023-25 की कक्षा के लिए ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट सीजन की उपलब्धियों की घोषणा गुरुवार को की। संस्थान ने बताया कि 2022-24 के एमबीए, एमबीए-मानव संसाधन और एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स बैच के लिए अपने कैंपस भर्ती कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एमबीए के लिए 76 कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। 18.69 लाख प्रति वर्ष का प्रभावशाली औसत सीटीसी पैकेज प्राप्त हुआ। शीर्ष 25% का औसत सीटीसी 24.5 लाख प्रति वर्ष रहा। सर्वाधिक सीटीसी 37.8 मिला है। एमबीए-मानव संसाधन प्रबंधन बैच ने 18.36 लाख प्रति वर्ष की औसत सीटीसी हासिल करते हुए 33 अग्रणी कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त किया।

बिजनेस एनालिटिक्स में बढ़त

एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स में 28 कंपनियों की भागीदारी रही। इसमें औसत सीटीसी 16.5% बढ़कर 19.12 लाख प्रति वर्ष तक पहुंच गई। उच्चतम सीटीसी 56.56% बढ़कर 34.9 एलपीए हो गई। इसी तरह, ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट में 85 प्रतिष्ठित कंपनियों ने एमबीए छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए। प्रस्तावित औसत वजीफा 1.25 लाख प्रति माह था।

Hindustan, 05.04.2204, P.8

आइआइएम ने फाइनल प्लेसमेंट रिकार्ड किया जारी

जासं, रांची : आइआइएम रांची ने सत्र 2022-24 के एमबीए संकाय का फाइनल प्लेसमेंट रिकार्ड भी जारी कर दिया है। बीते वर्ष की तुलना में इस सत्र के विद्यार्थियों का औसत वार्षिक पैकेज नौ प्रतिशत बढ़ा है। एमबीए प्रोग्राम में शामिल एक छात्र ने सर्वाधिक 37 .8 लाख का वार्षिक पैकेज हासिल किया है। शीर्ष 25 प्रतिशत विद्यार्थियों को औसतन 24 .5 लाख का पैकेज मिला है। अन्य विद्यार्थी औसतन 19 .8 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज हासिल हुआ। प्रमुख एमबीए प्रोग्राम के लिए 76 कंपनियों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लिया। जिसके परिणामस्वरूप 18 .69 लाख प्रतिवर्ष का औसत सीटीसी पैकेज प्राप्त हुआ।

Dainik Jagran, 05.04.2024, P.4